# <u>बीडीएल ने हैदराबाद में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए किया योगदान</u>




भारत सरकार के रक्षा मंत्रालयाधीन उद्यम, भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने हैदराबाद के पुराने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए 30 लाख रुपये की राशि का योगदान दिया है। बी डी एल द्वारा यह योगदान, हैदराबाद सिटी पुलिस द्वारा शुरू की गई 'सी सी टी वी निगरानी परियोजना' के अंतर्गत किया गया है।

श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), बी डी एल ने आज बीडीएल कंचनबाग इकाई परिसर में श्री सी एच रूपेश, आई पी एस, डी सी पी, दक्षिण पूर्व अँचल, हैदराबाद सिटी को यह चेक प्रदान किया। इस अवसर पर श्री पी वी राजाराम, निदेशक (उत्पादन), बी डी एल सहित बी डी एल और हैदराबाद सिटी पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

हैदराबाद पुराने शहर के महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का प्रमुख उद्देश्य किसी भी प्रकार की घटनाओं की निगरानी और इन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उस प्रांत की सुरक्षा व संरक्षा को मजबूत करने में कानून लागू करने वाली एजेंसियों की मदद करना है।

---XXX---